# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।

पत्रॉक–के0जी0बी0वी0 / संविदा / चयन / 670 / 2023–24 दिनांक 15-05-23

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या– बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 / 1553 / 68–5–2020, लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांक– के0जी0बी0वी0 / शिक्षक / 8362 / 2020–21 दिनांक 04.01.2021, नवीन शासनादेश संख्या– बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 / 2805 / 68– 5– 2023 –05 / 2020, लखनऊ दिनांक 01 फरवरी 2023 तथा महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक– के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022–23 दिनांक 14.02.2023 के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2023–24 हेतु जनपद लखनऊ में संचालित 08 कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों मे संविदा आधारित शिक्षक / शिक्षणेत्तर कार्मिकों की नियुक्ति हेतु इच्छुक अर्ह योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, 58, जगत नारायण रोड, शिक्षा भवन, लखनऊ में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 06-06-2023 की सायं 5:00 बजे तक निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण, आवदन पत्र का प्रारूप एवं दिशा निर्देश www. lucknow .nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 सं | पद का नाम | विषय | आयुसीमा 01 अप्रैल 2023 को | पदों की संख्या | आरक्षण की स्थिति | मानदेय | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | भाषा (हिन्दी, संस्कृत) | 25–45 | **02** | सामान्य– 01<br>अनु0जाति– 01 | 22000 | प्रशिक्षित स्नातक, हिन्दी,**संस्कृत** विषय के साथ स्नातक उपाधि, तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | 25–45 | **06** | सामान्य– 03<br>पिछडा वर्ग– 02<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 22000 | प्रशिक्षित स्नातक, बी0एस0सी0 (**PCM**) तथा एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण । प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | 25–45 | **02** | पिछडा वर्ग– 01<br>अनु0जाति–01 | 22000 | प्रशिक्षित स्नातक, अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक की उपाधि तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | विज्ञान | 25–45 | **08** | सामान्य– 01<br>पिछडा वर्ग–03<br>अनु0जाति–02<br>ई0डब्लू0एस0– 02 | 22000 | प्रशिक्षित स्नातक, बी0एस0सी0 (**ZBC**) तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |
| 5 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | सामाजिक विषय | 25–45 | **05** | पिछडा वर्ग–01<br>अनु0जाति–03<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 22000 | प्रशिक्षित स्नातक (इतिहास, भूगोल एवं **नागरिक शास्त्र विषय में से किसी एक विषय के साथ स्नातक उपाधि**) एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |
| 6 | अंश कालिक शिक्षिका | कला / काफ्ट | 25–45 | **02** | सामान्य – 01<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 9800 | स्नातक उपाधि, सहित प्रशिक्षण उपाधि (कला / काफ्ट / संगीत / विषय के साथ स्नातक उपाधि) एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण तथा प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित किया जायेगा। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | अंश कालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर | 25–45 | 04 | सामान्य– 01<br>अनु0जाति–02<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 9800 | प्रशिक्षित स्नातक, प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त बी0एड0 तथा उसके समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0 /बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0 ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से **ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा** आदि भी शैक्षिक योग्यता वांछित होगी। उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 8 | अंश कालिक शिक्षिका | शारीरिक शिक्षा | 25–45 | 02 | सामान्य – 02 | 9800 | बी0पी0एड/सी0पी0एड/डी0पी0एड आदि उपाधियां शारीरिक शिक्षा के अध्यापन के लिये मान्य होगीं। टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं है। |
| 9 | लेखाकार | —— | 25–45 | 04 | पिछडा वर्ग–01<br>अनु0जाति–02<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 11000 | स्नातक वाणिज्य, एम0एस0 आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। |
| 10 | चौकीदार (पूर्णकालिक) | —— | 25–45 | 02 | ई0डब्लू0एस0– 01<br>सामान्य – 01 | 5750 | कक्षा–08 उत्तीर्ण शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हों। |
| 11 | चपरासी | | 25–45 | 02 | पिछडा वर्ग–01<br>अनु0जाति–01 | 5750 | कक्षा–08 उत्तीर्ण शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हों। |
| 12 | मुख्य रसोईया, पूर्णकालिक | —— | 25–45 | 02 | अनु0जाति–01<br>ई0डब्लू0एस0– 01 | 6900 | कक्षा–08 उत्तीर्ण शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हों। |
| 13 | सहायक रसोईया, पूर्णकालिक | —— | 25–45 | 06 | पिछडा वर्ग–02<br>अनु0जाति–02<br>ई0डब्लू0एस0– 02 | 5175 | कक्षा–08 उत्तीर्ण शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित न हों। |

**सामान्य निर्देशः–**

1. आवेदन–पत्र साफ एवं सुन्दर अक्षरो में साफ हस्तलिखित/टंकित ही स्वीकार्य होगा जिस पर अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा अंकित होना अनिवार्य है। अस्पष्ट, अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
2. पूर्णकालिक शिक्षिका/अंशकालिक शिक्षिका तथा लेखाकार के पदो पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। लेखाकार के पद हेतु एम0एस0 आफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा।
3. मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित नहीं होने सम्बन्धी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सभी पदो पर मानदेय राज्य परियोजना के समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार देय होगा।
5. आवेदन पत्र पर **आवेदित पद का नाम, वर्ग, विषय** के साथ लिफाफे के ऊपर स्पष्ट मोटे अक्षरों में **"कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय हेतु आवदेन पत्र"** अंकित होना आवश्यक है अन्यथा आवदेन निरस्त कर दिया जाएगा।
6. आवेदन पत्र के साथ अंक–पत्रों, प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक एवं प्रशिक्षण), चरित्र प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त हो, की स्व–प्रमाणित प्रतियां संलग्न किये जाएँ। साक्षात्कार/काउन्सिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पत्राचार का पता लिखा तीन लिफाफे जिसमें प्रत्येक पर रू0 45.00 का डाक टिकट लगा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
8. आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
9. आयु 01 अप्रैल 2023 को न्यूनतम 25 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष से अधिक न हो। राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।
10. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोषसिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होगें। यदि चयनोपरान्त उक्त तथ्य प्रकाश में आता है तो बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्ति कर दी जायेगी।

11. अस्पष्ट, अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन–पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
12. अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग/साक्षात्कार के लिए आने पर कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।
13. सभी पदों पर महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
14. पूर्णकालिक शिक्षिका, चौकीदार, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के पद पर नियुक्ति के उपरान्त विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।
15. के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये हैं उन्हें प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर नवीन चयन में आवेदन करने पर के0जी0बी0वी0 में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम् भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।
16. उक्त पद पर चयन शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए होगा। कार्य एवं व्यवहार ठीक पाये जाने पर संविदा अवधि अगले शैक्षिक सत्र के लिये बढ़ाई जा सकती है। सेवायें संतोषजनक न होने पर बिना किसी पूर्व नोटिस के संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
17. पदवार/विषयवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है, जिसके सम्बन्ध में विषयवार एवं पदवार आरक्षण का निर्धारण चयन समिति के निर्णय के अधीन होगें।
18. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों का उल्लेख करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
19. उपरोक्त विज्ञप्ति को किसी भी समय बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार समिति के पास होगा । इस हेतु कोई दावा/वाद मान्य नहीं होगा तथा विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।
20. उपरोक्त समस्त चयन माननीय उच्च न्यायालय/माननीय उच्चतम न्यायालय मे योजित याचिकाओ मे मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन होगा।
21. चयन के उपरान्त अभ्यर्थी को 100/– के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि माननीय उच्च न्यायालय/माननीय उच्चतम न्यायालय मे योजित याचिकाओ मे मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश उसे मान्य होगा तथा उसके द्वारा पद से हटाये जाने पर कोई दावा न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।
22. चयन के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा संविदा अनुबंध भरने के उपरान्त बीच सत्र में कार्य छोडने पर एक माह का पारिश्रमिक/मानदेय जमा करना होगा।

15/5/23

(अरूण कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

पृ0सं0/केजीबीवी/ /2023–24, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य, डायट, लखनऊ।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, लखनऊ को कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
5. जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि www. lucknow .nic.in बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ को कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लखनऊ को कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, लखनऊ को कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
9. सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला व हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि दैनिक समाचार पत्र में पठनीय व न्यूनतम राजकीय दरों पर विज्ञप्ति प्रकाशित करने का कष्ट करें।
10. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
लखनऊ।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जनपद–लखनऊ में संविदा के आधार पर चयन हेतु आवेदन पत्र 2023–24

**आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये, कटिंग एवं ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगी।**

(नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार लिखी जाये, एक आवेदन पत्र एक ही पद के लिये मान्य होगा।)

नवीनतम फोटो

1. विज्ञापन संख्या–
2. आवेदित पद का नाम–
3. आवेदक का नाम–
4. लिंग–
5. आवेदक के पिता का नाम–
6. आवेदक के पति का नाम–
7. स्थायी पता–
8. पत्राचार का पता–
9. दूरभाष नं0 एवं ई–मेल –
10. जन्मतिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार)–
11. दिनांक 01.04.2023 को आयु..............वर्ष.................माह............दिन...............
12. राष्ट्रीयता–
13. आधार कार्ड संख्या–
14. आरक्षित श्रेणी (1. सामान्य, 2 अ0पि0वर्ग, 3 अनु0जाति, 4 अनु0जन जाति)............
15. के0जी0बी0वी0 में कार्य करने का अनुभव यदि कोई हो (छायाप्रति संलग्न करें)...
16. **शैक्षिक योग्यता–**

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जू0हा0स्कूल | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | |
| 5 | प्रशिक्षण........... | | | | | | |
| 6 | कम्प्यूटर प्रशिक्षण | | | | | | |
| 7 | अन्य | | | | | | |
| 8 | | | | | | | |

**अन्य प्रमाण पत्र–**

**संलग्नको की संख्या–**

### घोषणा पत्र

1. मैं                          शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैंने विज्ञप्ति की पात्रता शर्तों को पूरी सावधानी पूर्वक पढ लिया है व मुझे मान्य है। उपरोक्त भरा गया विवरण/सूचना पूर्णतया सत्य है और मैंने इस विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया/भ्रामक नही है। चयन से पूर्व अथवा बाद में कोई विवरण असत्य/गलत पाये जाने अथवा विज्ञप्ति के शर्तों को पूरा न करने अथवा छिपाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाये। मेरा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर
2. समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।
3. मेरा कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर बिना किसी नोटिस के किसी भी समय चयन निरस्त करने का अधिकार समिति को होगा तथा इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी और इस सम्बन्ध में किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगी ।

दिनांक.................

स्थान................

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**

**(पूरा नाम व पता सहित)**